भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 29.10.2024

**आरेडिका में "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन**

रेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस हेतु आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में आरेडिका खेलकूद संघ एवं कार्मिक विभाग के द्वारा रन फॉर यूनिटी, दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों, रेलवे सुरक्षा बल एवं उ.प्र. पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के जवानों, बच्चों तथा महिलाओं ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्र की एकता और अखण्डता की शपथ दिलायी तथा सरदार पटेल की दूरदर्शिता एवं उनके कार्यों के बारे में बताया। ज्ञात हो कि 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को "राष्ट्रीय एकता दिवस" के रूप में पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है एवं रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाता है, लेकिन इस वर्ष दीपावली का अवकाश होने के कारण रन फॉर यूनिटी का पूर्व समय आयोजन किया गया।

30 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का एवं 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन विधिवत किया जाएगा।

आरेडिका की विशेष खेल–कूद अधिकारी पद्मश्री एवं अर्जुन आवाडी सुधा सिंह ने प्रतिभागियों को दौड़ के नियमों के संबंध में बताया।

इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान वित्त सलाहकार श्री बीएल मीना, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता हरीश चन्द्र, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आभा जैन, प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

29/10/2024

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जन संपर्क अधिकारी